हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 30 जून 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 खरीदी बंद होने के 6 माह बाद भी 7.5 करोड़ के धान का नहीं हुआ उठाव








### 14 करोड़ रुपए की लागत से खरीदी गई मशीन

# पांच वर्षों के प्रयास के बाद अंततः मेडिकल कॉलेज पहुंची एमआरआई मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अब आने वाले दिनों में एमआरआई की सुविधा मिल सकेगी। विगत पांच वर्षों से चल रही खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और विप्रो जी कम्पनी द्वारा 14 करोड़ रुपए की लागत से 1.5 टेस्ला की एमआरआई मशीन की सप्लाई कर दी गई है।

**खास बात**

- विप्रो जी कम्पनी ने की सप्लाई, स्थापित करने में लगेगा डेढ़ माह

हालांकि फिलहाल इस मशीन को स्थापित करने में न्यूनतम 45 दिन का समय लगने की बात कही जा रही है। ऐसे में आम नागरिकों को दो महीने बाद ही एमआरआई सुविधा का लाभ मिल सकेगा और उन्हें इस सुविधा के लिए निजी अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमआरआई मशीन की खरीदी हेतु वर्षों से प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2019 में शासन से एमआरआई मशीन की खरीदी के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी और शासन की पहल पर एमआरआई मशीन के लिए 7 करोड़ रुपए की राशि एसईसीएल द्वारा सीएसआर मद से स्वीकृत किया गया था लेकिन लम्बे समय तक खरीदी नहीं हो पाने के कारण इसकी दर में वृद्धि होती गई और बाद में 1.5 टेस्ला की एमआरआई मशीन खरीदने का निर्णय पूर्व की सरकार द्वारा लिया गया था। 1.5 टेस्ला की एमआरआई मशीन की लागत ही 14 करोड़ हो गई थी ऐसे में 7 करोड़ रुपए की राशि कम पड़ने पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपने प्रतिवर्ष के 10 करोड़ के उपकरण मद से देने पर सहमति जताई थी और प्रस्ताव शासन को भेज दिया था। इधर एसईसीएल द्वारा भी अपनी सात करोड़ की राशि में से पहली किस्त 5.60 करोड़ रुपए का चेक 14 जून 2023 को कलेक्टर के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन को सौंप दिया गया था लेकिन कॉलेज को शेष राशि की स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। इस बीच सत्ता परिवर्तन होने के बाद मामला ठन्डे बस्ते में चला गया था लेकिन हाल ही में शासन से मेडिकल कॉलेज के खाते में 7 करोड़ रूप की राशि जारी की गई जबकि एसईसीएल द्वारा भी शेष राशि को कॉलेज प्रबधन को प्रदान किया गया जिसके बाद कम्पनी की ओर से मशीन की सप्लाई कर दी गई है। इस मशीन की कुल लागत 14 करोड़ रुपए है और इस मशीन की सप्लाई विप्रो जी कम्पनी द्वारा की गई है।



एमआरआई मशीन को ट्रक से उतारते हाईड्रा।

### रेडियोलॉजी सेक्सन में किया जाएगा स्थापित

14 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक 1.5 टेस्ला की एमआरआई मशीन की सप्लाई विप्रो जी कम्पनी द्वारा की गई है। इस मशीन को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रेडियोलॉजी सेक्शन में स्थापित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मशीन को सीटी स्कैन कक्ष के समीप बनाए गए कक्ष में स्थापित किया जाना है लेकिन इस कार्य में कम्पनी द्वारा 45 दिनों का समय लगने की बात कही जा रही है। मशीन के स्कैनर, कंसोल एरिया, सीपीयू व अन्य मशीनों को स्थापित किया जाना है। इसके लिए निर्धारित कक्ष में भी कुछ बदलाव किया जाएगा। वहीं सीटी स्कैन के बाद अब एमआरआई मशीन आने के बाद विद्युत भार बढ़ जाएगा इस लिए अस्पताल परिसर में सीएसपीडीसीएल, सीजीएमएससी द्वारा दो ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी ताकि मशीनों को बिना किसी भार के निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलती रहे।

#### मस्तिष्क के बारीकी से परीक्षण में कारगर

एमआरआई एक ऐसी मशीन है जिसके माध्यम से किसी मरीज के मस्तिष्क के बारीक से बारीक बीमारी का पता लगाया जा सकता है। अक्सर सड़क दुर्घटना व अन्य बीमारियों से गंभीर मरीजों की बीमारी सीटी स्कैन में भी पकड़ में नहीं आती है ऐसे में इन मरीजों की जांच एमआरआई मशीन का सहारा लेना पड़ता है। वर्तमान में यह मशीन शहर के कई निजी संस्थान के पास उपलब्ध है लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए इस मशीन की खरीदी के लिए पांच वर्षों से प्रयास किए जा रहे थे। मशीन आने के बाद अब कुछ कर्मचारियों को इसके संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जबकि रेडियोलॉजिस्ट इस मशीन को संचालित कर सकेंगे और मरीजों को अपनी जांच के लिए निजी संस्थानों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

#### आ गई है मशीन

शासन से मिली राशि व एसईसीएल द्वारा प्रदान की गई 14 करोड़ की राशि से एमआरआई मशीन की खरीदी पूर्ण कर ली गई है। मशीन की सप्लाई विप्रो जी कंपनी द्वारा कर दी गई है लेकिन फिलहाल इस मशीन को स्थापित करने में डेढ़ माह का समय लग जाएगा। आने वाले समय यह मशीन सरगुजा अंचल के मरीजों के लिए लाभकारी साबित होगी।

डॉ. आर मूर्ति
अधिष्ठाता



## दो ट्रेलर के बीच भिंड़त, केबिन में सो रहे परिचालक की कुचलकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 पर शनिवार की सुबह दो ट्रेलर के बीच हुई भिड़ंत में परिचालक की मौत हो गई। घटना के दौरान क्लिंकर लोड ट्रेलर के चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली लेकिन केबिन में सो रहे परिचालक को संभलने का मौका भी नही मिला।

- दुर्घटना के दौरान चालक ने कूदकर बचाई जान, गेऊर नदी के समीप हुई घटना

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को निकालकर पीएम के लिए भेजा गया इसके साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 08 एजे 5481 का चालाक उमेंद कुमार धृतलहरे बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद जा रहा था जबकि ट्रेलर क्रमांक बीआर 01 जीएन 6098 का चालक खाली वाहन लेकर राजपुर की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुबह लगभग 7.15 बजे जैसे ही दोनों ट्रेलर एनएच 343 पर पूर्णिमा पारीक गेऊर नदी के समीप पहुंचे सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए क्लिंकर लोड ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना के दौरान क्लिंकर लोड वाहन का परिचालक बलौदाबाजार कसडोल के ग्राम मुड़ीयाडीह निवासी 38 वर्षीय मेघ राम केंवट आ.पीताम्बर केंवट चालक के पीछे की सीट पर सोया हुआ था। सामने से ट्रेलर को आता देख चालक उमेंद कुमार धृतलहरे वाहन से कूद गया जिससे उसकी जान बच गई लेकिन केबिन में सो रहा परिचालक टक्कर के बाद वाहन में बुरी तरह से फंस गया। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि टक्कर के बाद क्लिंकर लोड ट्रेलर का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा परिचालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा वाहनों को सड़क किनारे करने के बाद आवागमन प्रारंभ कराया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया जबकि मामले में धारा धारा 174, धारा 304 (ए), 279 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

### खबर संक्षेप

#### कलेक्टर कोर्ट का यूट्यूब पर ऑनलाइन प्रसारण शुरू

**अम्बिकापुर।** प्रशासन के कार्यशैली में पारदर्शिता हेतु कलेक्टर की पहल पर पहली बार प्रदेश में किसी कलेक्टर कोर्ट का यूट्यूब पर ऑनलाइन प्रसारण शुरू किया गया। हर गुरुवार को कलेक्टर कोर्ट का ऑनलाइन प्रसारण किया जाता है जिससे लोग घर बैठे कलेक्टर कोर्ट की कार्यवाही देख सकते हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर की पहल पर अब कोर्ट के बाहर प्रकरणों की जानकारी प्रदर्शित करने डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया गया है जिसमें कोर्ट में सुनवाई किए जा रहे प्रकरणों की जानकारी आमजन को मिल सकेगी। डिस्प्ले बोर्ड में प्रकरण और पक्षकार की अद्यतन स्थिति प्रदर्शित की जा रही है जिसमें प्रकरण पर हुई कार्यवाही और आगे होने वाली प्रक्रिया की जानकारी दिखाई जा रही है।

#### पीजी कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग 3 जुलाई को

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित कैरियर काउंसलिंग में प्रशासनिक अधिकारी संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देंगें। आयोजक दिव्यांश कुमार दुबे ने बताया कि काउंसलिंग में कलेक्टर एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगें।

#### पिता ने पुत्र पर तीर से किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** पुत्र ने पिता को साथ दूसरे राज्य में काम करने की बात कही तो पिता ने न सिर्फ पुत्र के साथ विवाद कर मारपीट किया बल्कि पुत्र के घर के दहलीज पार करने पर उसके सीने में तीर से जानलेवा वार कर दिया । सीने में तीर धंस जाने से पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर निवासी अर्जुन लाल आ. रतन लाल (25 वर्ष) 27 जून को छोटे भाई गुल्लू राम सहित गांव के अन्य लोगों के साथ बनारस काम करने जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच अर्जुन ने पिता रतन लाल से साथ काम करने जाने की बात कही तो शराब के नशे में धुत पिता ने साथ काम नहीं करने की बात कह कर विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता-पुत्र के बीच मारपीट होने लगा।

## चुनावी हार की समीक्षा में पदाधिकारियों ने जमकर निकाली भड़ास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव 2024 की समीक्षा हेतु कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरगुजा जिला कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

- सरगुजा की उपेक्षा, नेताओं के अपमान व संसाधनों की कमी सहित गिनाए अनेकों कारण

इस दौरान पदाधिकारियों ने जमकर अपनी भड़ास निकाली। इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद अपने ही कार्यकर्ताओं की अनदेखी, सरगुजा संभाग के साथ किए गए सौतेला व्यवहार का मामला भी उठाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में बताया गया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी की तरफ से आर्थिक मदद तो मिली लेकिन बैंक खाते में पर्याप्त राशि नहीं आ पाई। पूर्व डिप्टी सीएम की पहल पर उनके व सहयोगियों की तरफ से बैंक खाते में राशि उपलब्ध कराई गई। यूथ कांग्रेस की तरफ से भी जो वित्तीय सहयोग की बात कही गई थी वो प्राप्त नहीं हुई। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने अपने संसाधनों से अतिरिक्त वित्तीय सहयोग प्रदान किया। ऐसे में कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में पर्याप्त संसाधनों की कमी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की उपेक्षा का भी मुद्दा उठा। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद टीएस सिंहदेव को अपनी ही सरकार में उपेक्षित किया गया जिसका खामियाजा क्षेत्र को भुगतना पड़ा। टीएस सिंहदेव के सीएम बनने की उम्मीदों के बीच संभाग की 14 सीटें मिली लेकिन सरकार में दूसरे नंबर के मंत्री होने के बाद भी प्रशासनिक उपेक्षा झेली। संभाग के के विधायकों को वर्तमान में जेल में बंद अहम व्यक्ति दौरा प्रभावित किया गया और टीएस सिंहदेव के खिलाफ चालें चली गई। पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया जबकि धौरपुर के तत्कालीन जनपद सदस्य स्व. वीरभद्र सिंह पर झूठा केस करने और उन्हें जेल भेजने का मामला उठाया गया। इन घटनाओं से क्षेत्र के लोग आहात हुए और खामियाजा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ा। कांग्रेस सरकार में सत्ता की चाभी कुछ लोगों के पास थी और उनके समर्थकों ने विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया जबकि लोकसभा चुनाव में गायब रहे। कांग्रेस की सरकार में सरगुजा के विकास हेतु भेजे गए प्रस्ताव को ऊपर से रोकने के आदेश का भी मुद्दा बैठक में उठाया गया और तत्कालीन मंत्री की असमर्थता का भी जिक्र किया गया। बैठक में बताया गया कि सत्ता व संगठन में समन्वय नहीं रहा। कर्मठ व ईमानदार कार्यकर्ताओं के साथ वैसा ही सलूक किया गया जो मौजूदा केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों के साथ कर रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग में कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनी गई। इसके साथ ही अपने ही पार्टी के पदाधिकारियों ⏭ शेष पेज 4 पर








## बड़े भाई पर युवक ने चलाया तीर, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

बाड़ी में आगे पौधे को बकरी द्वारा चरने को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। युवक ने विवाद के दौरान अपने ही बड़े भाई पर तीर चला दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़े भाई की हत्या की नियत से तीर धनुष से किए गए हमले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- बाड़ी में बकरी चराने को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जटासेमर निवासी सहदेव की बकरी 29 जून को छोटे भाई मनदेव के बाड़ी में चली गई और बाड़ी में लगे हुए पौधे को खा गई। बकरी द्वारा बाड़ी चरने से नाराज मनदेव ने अपने बड़े भाई के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब सहदेव ने छोटे भाई को गाली देने से मना किया तो आरोपी मनदेव ने अपने ही बड़े भाई पर आक्रोशित होकर तीर धनुष से हमला कर दिया। इस घटना में सहदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरपुर में भर्ती कराया गया। वहीं सूचना पर पुलिस द्वारा सहदेव के बयान के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी 35 वर्षीय मनदेव को धारा 307 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से घटना में घटना प्रयुक्त तीर धनुष बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आरएन पटेल, सउनि देवनारायण यादव, रामधनी राम, आरक्षक परमेश्वर सोनी, सचिन्द्र सिन्हा शामिल रहे।






## खबर संक्षेप



### खैरवार समाज का सम्मेलन आज, तैयारियां पूर्ण

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित लरंगसाय कम्युनिटी हॉल में खैरवार, खेरवार, खरवार समाज का विशाल महासम्मेलन 30 जून को आयोजित किया जा रहा है।सम्मेलन को लेकर व्यापक स्तर में तैयारी की जारी है। आज तैयारी का जायजा लेने समाज वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और कार्यक्रम की कार्य योजना को लेकर बैठक की। समाज के प्रांत अध्यक्ष बुद्धदेव सिंह, समाज प्रमुख मंगरु सिंह ने बताया कि समाज की ओर से महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ से समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड से भी समाज के लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि खरवार जाति के साथ खैरवार, खेरवार जाति को भारत सरकार के बजट में शामिल करने व विकास के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा महासम्मेलन में होगी। समाज के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि नगर में पहली बार समाज द्वारा वृहद आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। इस दौरान राम अवतार सिंह,उमेश सिंह, रामनारायण सिंह, छोटेलाल, जयसिंह, मंगरु राम, कृष्ण कुमार सिंह, नारायण सिंह, रामप्रीत सिंह, जय सिंह, पार्वती सिंह, उर्मिला सिंह, हरावन सिंह, घनश्यान सिंह सहित समाज के अन्य उपस्थित थे।

### मंत्री लक्ष्मी ने रेवती महाविद्यालय में किया कीबो एक्सएस किट का उद्घाटन



**सूरजपुर।** रेवती रमण महाविद्यालय के हिन्दी शाखा में नेत्रहीन दिव्यांग के लिए स्थापित कीबो एक्सएस डिवाईस का महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा उद्घाटन किया गया है। यह डिवाइस दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए स्थापित किया गया है, ताकि दृष्टिबाधित व्यक्ति पुस्तक में अंकित शब्दों को इस डिवाइस के माध्यम से ऑडियो फॉर्मेट में कन्वर्ट कर अपने ज्ञान के संवर्धन कर सकें। साथ ही हितग्राही किसी भी किताब को स्कैन कर इसका ट्रांसलेशन कर किसी भी भाषा में सुन सकते है और ज्ञान अर्जित कर सकतें है। इस दौरान जनप्रतिनिधि, शिक्षक, एनआईसी डीआईओ रोहन सिंह, उप संचालक समाज कल्याण बेनेदिक्ता तिर्की व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सद्भावना ग्राम तकिया में शुरू हुआ पानी टंकी का निर्माण



**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में पानी टंकी निर्माण का कार्य एक बार फिर से प्रारंभ हो गया है। पानी टंकी निर्माण की शुरुआत अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों ने किया। बता दें कि लम्बे समय से सद्भावना ग्राम तकिया में पानी टंकी निर्माण की मांग की जा रही थी। पूर्व में टंकी निर्माण का कार्य प्रारंभ भी किया गया था लेकिन उस वक्त ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही से टंकी का निर्माण गुणवत्ताहीन तरीके से किया गया था जिसके बाद टंकी को तोड़ने का निर्देश दिया गया था। तकिया ग्राम में पानी टंकी निर्माण की प्रक्रिया लम्बे समय से अटकी हुई थी। ऐसे में अब एक बार फिर से पानी टंकी के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ है जिसके बाद सद्भावना ग्राम तकिया में आने वाले जायरीनों को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इस दौरान अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, बाबू रकीब अंसारी, सहजेब अंसारी, तकिया के मोजावर मोइन, अखलाक, मोख्तार आलम, नसीम, हयात व अन्य मौजूद थे।

### चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** जिले के पण्डोपारा थाना पटना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं एक आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपियों को 48 घंटे में पकड़ा, साथ ही चोरी का सामान खरीदी करने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकडे गए आरोपी पूर्व में भी कई चोरियों को अंजाम दे चुके हैं। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 25 जून को प्रार्थी निर्मल साय पिता कमल साय निवासी पण्डोपारा ने पटना थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24-25 जून की मध्य रात्रि में घर के दरवाजे को तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम चोरी कर ली है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457 एवं 380 भादवि का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान 28 जून को साईबर सेल की तकनीकी सहायता एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर चैतराम उर्फ चैतू, आनंद कुमार उर्फ छोटालु एवं गुड्डू द्वारा उक्त चोरी को अंजाम दिया गया है।

## शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होने घटगांव पहुंचे बीईओ एवं अन्य अधिकारी

# उत्साह के साथ स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

विकासखण्ड के पहुंच विहीन ग्राम घटगांव स्थित प्राथमिक शाला में गुरूवार को प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी योगेश शाही, बीआरसीसी बलबीर गिरी व एबीईओ सतीश तिवारी दुर्गम रास्तों से होते हुए पहाड़ी नदी पार कर घटगांव पहुंचे व शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए।

**खास बात**

- अतिथियों ने किया गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण

शाला प्रवेशोत्सव में बीईओ श्री शाही ने कहा कि निश्चित ही शिक्षक मेहनत कर रहे है जिसका नतीजा है कि पहुंच विहीन क्षेत्र में भी बच्चों की उपस्थिति सौ प्रतिशत है। आने वाले समय में यहां के छात्र परिवार और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने पालकों से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। उन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का भरोसा दिया। शाला प्रवेशोत्सव में अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर व मीठा खिलाकर शाला प्रवेश कराया। बीईओ ने सभी बच्चों को स्लेट वितरित किया। बीआरसी बलबीर गिरी ने कहा कि स्कूल की व्यवस्था देख हमारा मन खुश हो गया। सभी बच्चे मन लगाकर बढ़े एवं अपने माता-पिता को नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों की जमकर सराहना की। एबीईओ सतीश तिवारी ने कहा कि यहां की समस्याओं के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे तथा कोशिश करेंगे कि आने वाले समय में यहां की समस्या दूर हो। पाकल शिक्षकों की मदद करें तथा प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजें। पालक जागरूक रहें तथा खुद देखे बच्चे स्कूल में क्या पढ़ रहे हैं। प्रभारी प्रधान पाठक राकेश कैवर्तय ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की कोशिश की जाएगी। स्थापना के बाद विद्यालय में पहली बार बीईओ आए हैं इस दौरान जलभरतराम, शिवपाल सिंह, सुरेंद्र पैकरा, अगर साय सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।



### लालमाटी संकुल में बच्चों का स्वागत

**अम्बिकापुर।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही विकासखंड लुंड्रा के संकुल लालमाटी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बीईओ शामिल हुए और बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें स्कूल में प्रवेश दिलाया। कार्यक्रम के दौरान बीईओ देव कुमार गुप्ता ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने बच्चों को भविष्य में अपने पैरों पर खड़ा होकर सरगुजा अंचल व समाज का नाम रौशन करने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बारी बारी सभी बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। बच्चे पहले दिन स्कूल पहुंचकर काफी प्रसन्न नजर आए। इस दौरान संकुल समन्वयक मोहम्मद आरिफ, प्रधान पाठिका श्रीमती उषा सोनी, श्रीमती अनीता सिंह, पूजा यादव, अमीत चटर्जी के साथ-साथ बडी संख्या में नवप्रवेशी छात्र-छात्रा और उनके पालक उपस्थित रहे।



### शाला प्रवेश उत्सव के साथ किया न्योता भोज

**सीतापुर।** नए शिक्षा सत्र के साथ स्कूल खुलते ही शाला में प्रवेश उत्सव प्रारंभ हो गया। जिसके तहत नवप्रवेशी बच्चों का आवभगत करते हुए शाला में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सोनतराई में माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला द्वारा संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच उषा लकड़ा ने नवप्रवेशी बच्चों को पूरे आवभगत के साथ शाला प्रवेश दिलाया। इस दौरान सरपंच द्वारा सभी बच्चों को निःशुल्क पुस्तक, गणवेश एवं टाई बेल्ट प्रदान किया गया। शाला में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया था जहां सरपंच समेत स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चों ने एक साथ न्योत भोज किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक माशा रचना सोनी, प्राथमिक शाला लक्ष्मण लकड़ा, शिक्षक सुग्रीव गुप्ता, जयबिना कुजूर, नीलमणि बेक, सविता आप्टे, जया कुशवाहा, ललिता भगत, एसएमसी सदस्य सीतापति एवं सुशीला उपस्थित थे।

### मनाया गया विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**रामानुजनगर।** विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगल भवन में किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन का वाचन किया गया। नव प्रवेशी 1 ली, 6 वी व 9 वी के छात्रों का स्वागत तिलक, माला व मिष्ठान खिलाकर एवं निःशुल्क पुस्तक वितरण कर किया गया। नव प्रवेशी 9 वीं की 11 छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। वहीं बोर्ड परीक्षा में 10वी व 12 वी में विकासखण्ड में स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 जून सेवानिवृत्त 23 शिक्षकों का विदाई सह सम्मान शाल श्रीफल माला एवं प्रमाण पत्र के साथ विदाई किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष माया सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों से कहा कि सभी मन लगा कर पढ़ाई करे और क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि सभी जो नव प्रवेशी छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के युग में पढ़ाई का ज्यादा महत्व है इसलिए पढ़ाई मन लगाकर करना चाहिए। शासन द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए गणवेश पाठ्यपुस्तक सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं जिससे बच्चों को पढ़ाई में कोई दिक्कत न हो वह बिना परेशानी के पढ़ाई कर सकें। निःशक्त 3 बच्चो को ट्राइ सायकल दिया गया। इस दौरान जय प्रकाश उपाध्याय, सत्यनारायण दुबे, रामशिरोमणि साहू, प्रमिला साहू, अमर सिंह, शुशीला सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज के अलावा अजय सिंह, सुमंत साहू, श्यामसुंदर राजवाड़े, राजेश साहू, प्राचार्य पीसी सोनी, शेष नारायण शर्मा, यादवेंद्र दुबे, चंद्रकेश शर्मा, रामविलास साहू, रवि नाथ तिवारी, अजीत गुप्ता, राकेश गौतम, पीतांबर सिंह मरावी, शत्रुघ्न मिश्रा, सुधाकर शुक्ला, महेंद्र प्रसाद उपाध्याय, जनमेत पैकरा सहित अभिवावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रुनियाडीह की एसएमसी अध्यक्ष एनवती हुईं सम्मानित



**बिश्रामपुर।** जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम पिछले दिनों ऑडिटोरियम सूरजपुर में आयोजित की गई, कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह की एसएमसी अध्यक्ष व जागरुक पालक श्रीमती एनवती राजवाड़े पति श्यामलाल राजवाड़े को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरगुजा संभाग कमिश्नर जीआर चुरेंद्र, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा,सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास, जिपं सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, डीईओ रामललित पटेल के अलावा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी, बिजेंद्र लाल जायसवाल, अन्नुलाल राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।यह पहला अवसर है जब सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में एसएमसी के सदस्यों एवं पालकों को सम्मानित करने का अभिनव तथा सराहनीय पहल की गई।

### आत्मानंद स्कूल में मना प्रवेशोत्सव, कराया गया न्योता भोजन



लखनपुर। स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शुक्रवार को शाला प्रवेश उत्सव विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, पूर्व नपं अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता, भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, भाजपा नेता सचिन अग्रवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश्वर राजवाड़े, बीईओ प्रदीप राय, एबीईओ मनोज तिवारी की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में अतिथियों ने 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने नव प्रवेशी 50 बच्चों और सीबीएसई स्कूल के 34 बच्चों को तिलक लगा शाला प्रवेश कराया तथा गणवेश व पुस्तकें वितरित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने जनप्रतिनिधियों की सहमति से विद्यालय परिसर में 14 लाख रूपए की लागत से ब्लॉक कार्य कराने की घोषणा की। विद्यालय के बच्चों के साथ अतिथियों ने न्योता भोजन का आनंद लिया। प्राचार्य संजय वर्मा, प्रधान पाठक सरवन साहू, स्वर्ण कुमार टोप्पो, शिक्षक-शिक्षिका एवं अभिभावक मौजूद थे।

## लाठी से हमला कर युवक की हत्या आरोपी को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** डंडे से हमला कर युवक की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। प्रथम सत्र न्यायाधीश ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लहपटरा निवासी अजय कुमार राजवाड़े आ. शिवप्रकाश राजवाड़े का शव 17 नवम्बर 2021 को लहपटरा अस्पताल के पीछे सड़क किनारे मिला था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि युवक का मोबाइल फोन 15 नवम्बर को गुम हो गया था जबकि 16 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे वह घूमने के लिए निकला था लेकिन वापस घर नहीं लौटा। अगले दिन युवक का खून से सना शव बरामद किया गया। इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने लहपटरा निवासी 24 वर्षीय सत्यनारायण राजवाड़े उर्फ सुन्दूर राजवाड़े आ. रामजतन राजवाड़े को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि आरोपी व मृतक के बीच किसी युवती को लेकर विवाद हुआ था और जब अजय कुमार राजवाड़े जाने लगा तो पीछे से आरोपी सत्यनारायण ने लाठी से हमला कर दिया था। सिर पर लाठी से किए गए प्रहार से युवक की मौत हो गई थी। आज इस मामले में प्रथम सत्र न्यायाधीश ममता पटेल की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश सिन्हा ने अपना पक्ष रखा। कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी सत्यनारायण द्वारा लाठी से हमला कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई जिसके बाद कोर्ट में आरोपी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा दी है।

## रानी दुर्गावती चौक पर मनाया गया 460 वां शहादत दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

वीरांगना रानी दुर्गावती का सोमवार को ग्राम मानी के दुर्गावती चौक में 160 वां बलिदान दिवस सामूहिक रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में कई पंचायतों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ग्राम मानी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रानी दुर्गावती की शहादत दिवस को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया गया। सर्वप्रथम गांव के बैगा से वीरांगना दुर्गावती के छाया चित्र पर फूल माला अर्पित कर पूजा अर्चना की गई जिसके बाद लोगों ने गोंड साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा समाज के ग्रामीणों सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्कूली बच्चों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही टीआरसी सुपर बाजार द्वारा किसानों को उच्च क्वालिटी का निःशुल्क धान बीज का वितरण किया गया। क्षेत्र के हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल कंदरई, डेडरी, पोड़ी, केतका के स्कूल में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले वाले विद्यार्थियों को समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान डॉ. कुसुम सिंह परस्ते, शिव भजन सिंह पोर्ते, बालम सिंह उर्रे, अंगु राम पैकरा, राजीव सिंह, मोतीलाल आयाम, शिवमंगल मरकाम, बलराम सिंह नेटी, मानसाय मरकाम, जवाहरलाल, करन सिंह, विनोद, बोधन सिंह पोर्ते, रविशंकर टेकाम, जगदीश पोर्ते, नेतराम पोर्ते, भवन सिंह, तुलेश्वर, रनसाय, भगत मरकाम, अजय सिंह पोर्ते, चंद्राशन सिंह, भानु प्रताप पोया सहित अन्य उपस्थित थे।



## महारास का मतलब परमात्मा से जीवात्मा का मिलन : आचार्य तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सुभाष नगर में 23 जून से 1 जुलाई तक किया गया रहा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

शहर के सुभाषनगर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे है। भागवत कथा में कथावाचक आचार्य नंद कुमार तिवारी द्वारा कथावाचन किया जा रहा है। बता दें की शुभाषनगर साईं मंदिर रोड निवासी तिवारी परिवार द्वारा 23 जून से 1 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है।

श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। कथा वाचक आचार्य नंद कुमार तिवारी ने कथा प्रसंग के क्रम में श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की व्याख्या कर श्रोताओं को भावमुग्ध कर दिया। श्रीमद भागवत कथा अमृत वर्षा के रूप में अगला श्रद्धालुओं के अंतःकरण को भींगो कर रसरंग में लेख डूबो रही थी। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला महारास के वर्णन से सुमधुरित कथा श्रवण से सभी भावविभोर हो उठे। कथा व्यास आचार्य नंद कुमार तिवारी ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है। कथा में आचार्य ने कहा जब जीव में अभिमान आता है तब भगवान से वह दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया।

कथा में बताया कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## बैगा, गुनिया और झाड़फूंक के चक्कर में न रहें : सीएमएचओ



**सूरजपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. अजय मरकाम की उपस्थिति में समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय के समस्त डॉक्टर एवं प्रभारी के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मास्टर ट्रेनर डॉ. योगेश्वर कलकोन्डे ने सर्पदंश, बिच्छू डंक तथा रेबीज के उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में समय पर उपचार करने से लोगो की जान को बचाया जा सकता है। सीएमएचओ डॉ. सिंह कहा कि किसी को भी सर्पदंश, बिच्छु का डंक, कुत्ते या कोई जंगली जानवर काटता है तो कोई भी बैगा, गुनिया या झाड़-फूँक के चक्कर में न रहकर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर उपचार कराए। एन्टी स्नेक वेनम की दवाइयां समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कार्यशाला में डॉ. दीपक जायसवाल, डॉ. दीप कुमार, डॉ. जेएस सरूता, डॉ. प्रियंक पटेल तथा जिला चिकित्सालय से मैट्रन, नर्सिंग सिस्टर तथा समस्त वार्ड प्रभारी सिस्टर के साथ इन्दु रोज, राजकुमार मिंज, रश्मि शर्मा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## एरिया सेफ्टी ऑफिसर सहित 22 कोल अधिकारी कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न परियोजना में कार्यरत बाइस अधिकारी कर्मचारी शनिवार 29 जून को कंपनी की सेवा से सेवानिवृत हो गए। एरिया सेफ्टी ऑफिसर वीके गुप्ता के सेवानिवृत्त होने उपरांत कम्पनी प्रबंधन ने उनकी जगह एस ओ माइनिंग डी के शर्मा को एरिया सेफ्टी ऑफिसर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।अन्य सेवानिवृत होने वालों में सिविल मैनेजर राजेश द्विवेदी ,एरिया हेड क्वार्टर से आशीष मुखर्जी,एमडी आलम शाह,अमेरा सहक्षेत्र से ननकी लाल साहू,विजय कुमार तिग्गा,आमगांव परियोजना से महेश सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,अमरनाथ जायसवाल,बलरामपुर 10/12 खदान से कमला प्रसाद पटेल, गायत्री खदान से सोभरण, मिथलेस कुमार मेहता, तपेश्वर सिंह, कुमदा सात आठ खदान से अखिलेश कुमार रस्तोगी, अशोक कुमार उपाध्याय, हीरा साय, रेहर खदान से महेंद्र प्रसाद वर्मा, बुधन, अमृत सिंह, रामप्रसाद, समर बहादुर सिंह, रीजनल वर्कशाप से हर्ष कुमार एक्का के नाम शामिल हैं।

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत गठन को लेकर जारी प्रारम्भिक अधिसूचना का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन को लेकर अधर में लटकी प्रक्रिया फिर से तेज हो गई है। नगर पंचायत शिवनंदनपुर गठन को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्रालय द्वारा जारी की गई प्रारम्भिक अधिसूचना का जिला प्रशासन ने सार्वजनिक प्रकाशन करा दिया है।

- दावा आपति के निराकरण के लिए 21 दिनों का दिया गया है समय
- चुनाव आचारसंहिता लगने के कारण नगर पंचायत गठन का रास्ता अधर में लटक गया था

सार्वजनिक अधिसूचना का प्रकाशन होने उपरांत अब 21 दिनों के अंदर सूरजपुर कलेक्टर द्वारा दावा आपत्ति को सुनकर उसका निराकरण करते हुए राज्य शासन को इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी,तत्पश्चात राज्य सरकार इसकी गठन की उद्घोषणा करते हुए अंतिम अधिसूचना जारी कर सकती है।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने हेतु स्थानीय लोग वर्षो से संघर्षरत हैं। यहाँ पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व क्षेत्र की जनता को उनकी बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते



हुए शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत गठन की मंजूरी प्रदान कर अधिसूचना जारी कर दी थी।प्रारम्भिक अधिसूचना जारी होने उपरांत क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी।उक्त विषय पर छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव ने पूर्व में 9 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर सूरजपुर को पत्र प्रेषित कर उक्ताशय की जानकारी दी थी। जारी पत्र में छग नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 में वर्णित प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत गठन किए किए जाने हेतु 4 अक्टूबर को अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन किए जाने का उल्लेख किया था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार शिवनंदनपुर पंचायत की आबादी 6567 बताई गई थी, वहीं 5050 मतदाता बताए गए थे। जारी अधिसूचना में ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की सीमाएं ही नगर पंचायत की सीमाएं होने की बात कही गई थी। इस दौरान विधानसभा चुनाव व कुछ समय पश्चात लोकसभा सभा चुनाव होने के कारण लगी चुनावी आचारसंहिता के कारण सम्बंधित प्रक्रिया पूर्ण रूप से प्रभावित हो गई ,ऐसे में शिवनंदनपुर के लोग कुछ समय पश्चात निराश हो चुके थे,लेकिन एक बार पुनः अधिसूचना के सार्वजनिक प्रकाशन होने से स्थानीय लोगों में नगर पंचायत गठन की उम्मीद फिर से जग़ गई है।

**भाजपा का एक गुट कर रहा विरोध**

शिवनंदनपुर नगर पंचायत गठन करने को लेकर बिश्रामपुर नगर पंचायत स्थित भाजपा के पद अधिकारी विरोध कर रहे हैं,उनके अनुसार शिवनंदनपुर पंचायत समेत अन्य पंचायतों को सम्मिलित करते हुए शासन को बिश्रामपुर को नगर पालिका का दर्जा दिया जाना चाहिए।शिवनंदनपुर नगर पंचायत के गठन होने की प्रक्रिया तेज होने से बिश्रामपुर स्थित जनप्रतिनिधियों को अपने अस्तित्व पर संकट मंडराता दिख रहा है । गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर का अधिकतम क्षेत्र एसईसीएल कम्पनी का कोयला धारक क्षेत्र है।

## अवैध रूप से शराब बिक्रय के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

**राजपुर।** क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जांच कार्रवाई के दौरान अलख डीहा स्थित ढाबा संचालक 55 वर्षीय गंगा प्रसाद आ. रामधारी यादव के ढाबे से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं बघिमा निवासी 28 वर्षीय दीपक पांडेय आ. रामलखन पांडेय के पास से 3.435 लीटर गोल्डन गोवा सहराब जब्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, एसआई दिनेश राजवाड़े, कमलेश्वर साय, सउनि फिलिरियूस टोप्पो, राकेश सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, प्रकाश तिर्की राजेन्द्र धुव्र, आरक्षक सुनील तिर्की, शिवलाल, नरेन्द्र कश्यप, हरि डनसेना, शिवशंकर कुजूर, अमृत सिंह,रिंकू गुप्ता, विजय पैकरा, नानहेश्व पुलिस स्टाफ सामिल रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202208020700012/अ-27/2021-22

**फर्द बटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202208020700012/अ-27/2021-22 पक्षकार प्रहलाद मण्डल वगै. प्रति गोविन्द मण्डल वगै., में ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 107/1 रकबा 1.990 हे. भूमि का फर्द बंटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ है, जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/07/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

